# कार्यालय नगर पालिका परिषद, अमरोहा (जनपद–अमरोहा)
## अति अल्पकालिक ई–निविदा सूचना

क्रमांकः– 1229/OS/2024 दिनांकः– 04/03/2024

शासकीय व्यवस्था के अन्तर्गत स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्म को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, अमरोहा वन्दन योजनान्तर्गत स्वीकृत निम्नलिखित स्थल के विकास कार्य हेतु ऑनलाईन निविदायें उत्तर प्रदेश के ई–प्राक्योरमेंट पोर्टल https://etender.up.nic.in पर आमंत्रित करती है। इच्छुक ठेकेदार अपनी–अपनी निविदायें दिनांक 05/03/2024 अपराह्न 03.00 बजे से दिनांक 13/03/2024 सायं 06.00 बजे तक ई–प्राक्योरमेंट पोर्टल https://etender.up.nic.in पर अपलोड कर सकते हैं। उक्त निविदायें पालिका की टैण्डर समिति द्वारा दिनांक 14/03/2024 को दोपहर 02.00 बजे नगर पालिका परिषद, अमरोहा मे खोली जायेंगी। कार्य का विवरण निम्न प्रकार हैः–

| क. सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित व्यय (लाख मे) | अर्नेस्ट मनी (लाख मे) | मूल्य टैंडर (GST सहित) | सिक्योरिटी डिपॉज़िट (लाख मे) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नगर पालिका परिषद, अमरोहा मे अवस्थित श्री वासुदेव तीर्थ स्थल मे अवस्थापना सुविधाओं का कार्य। | 200.00 | 4.00 | 8500.00 | 16.00 | 03 माह |

उपरोक्त कार्यो की निविदाओं से सम्बन्धित ऑफलाईन डॉक्यूमेंट्स दिनांक 14/03/2024 को दोपहर 02.00 बजे तक पालिका मे जमा किये जा सकते हैं। निर्धारित अवधि मे टैण्डर फीस, अर्नेस्ट मनी व निविदा से सम्बन्धित वांछित अभिलेख प्राप्त न होने की दशा मे निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सामान्य निर्देश/शर्तेः–:–**

1– निविदा प्रपत्र (टैंडर फार्म) का मूल्य नकद अथवा किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी ड्राफ्ट, जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, अमरोहा के नाम देय होगा अथवा उक्त धनराशि नगर पालिका परिषद, अमरोहा के एक्सिस बैंक खाता संख्या 913010053678171 (आई0एफ0एस0सी0 कोड– UTIB0001157) में आर0टी0जी0एस0 या एन0ई0एफ0टी के माध्यम से या ऑनलाइन भी जमा की जा सकती है।

2– निविदा की अर्नेस्ट मनी अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, अमरोहा के नाम बन्धक डाक घर की पास बुक/एन0एस0सी0/बैंक की एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0 अथवा नकद अथवा नगर पालिका परिषद, अमरोहा के एक्सिस बैंक खाता संख्या 913010053678171 (आई0एफ0एस0सी0 कोड– UTIB0001157) में आर0टी0जी0एस0 या एन0ई0एफ0टी के माध्यम से या ऑनलाइन भी जमा की जा सकती है।

3– निविदादाता द्वारा उन विभागों द्वारा जारी किया गया अनुभव प्रमाण–पत्र/कार्य सन्तोषजनक होने का परफॉर्मेन्स सर्टिफिकेट संलग्न किया जायेगा, जिनमे उक्त (सम्बन्धित कार्य) कार्य की समान प्रकृति के कार्य किये गये हों अथवा किये जा रहे हों।

4– निविदा देने वाले की कुल हैसियत कार्य की लागत का कम से कम एक तिहाई होना आवश्यक है।

5– पिछले 03 वर्षो की Income Tax copy संलग्न करनी होगी।

6– आयकर विभाग मे रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड, चरित्र प्रमाण–पत्र व हैसियत प्रमाण–पत्र की प्रति संलग्न करनी होगी।

7– किसी शासकीय/अर्द्धशासकीय विभाग मे वर्ष 2023–24 मे ठेकेदारी के पंजीकरण की प्रति संलग्न करनी होगी।

8– निविदादाता को 100 रूपये के स्टाम्प पर फोटोयुक्त शपथ पत्र (T-6) प्रस्तुत करना होगा (शपथ पत्र का प्रारूप संलग्न है)

9– कार्य पूर्ण होने के दिनांक से एक वर्ष तक उक्त स्थल का रख–रखाव कार्यदायी ठेकेदार/फर्म द्वारा अपने व्यय पर किया जायेगा। उक्त एक वर्ष की अवधि के पश्चात् पांच वर्ष तक उपरोक्त कार्य अन्तर्गत विकसित किये गये स्थल के ऑपरेशन एण्ड मेंटिनेंस का दायित्व कार्यदायी ठेकेदार/फर्म का होगा।

10– निविदा की दरें पूरे आगणन अर्थात Overall % basis पर ही मान्य होंगी।

11– निविदा खोले जाने की तिथि का कोई अवकाश होगा तो उसके अगले दिन निविदा खोली जायेंगी।

12– जिन निविदादाताओं की तकनीकि बिड की शर्ते पूर्ण होंगी केवल उन्हीं की वित्तीय बिड खोली जायेगी, जिनकी तकनीकि बिड की कोई भी शर्त अपूर्ण होगी उनकी वित्तीय बिड बिना खोले वापस कर दी जायेगी।

13– अनुबन्ध/संविदा के समय सम्बन्धित कार्य की सिक्योरिटी (कॉलम–6 मे अंकित) अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, अमरोहा के नाम बन्धक डाक घर की पास बुक/एन0एस0सी0/बैंक की एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0 के रूप मे जमा करनी होंगी।

14– कार्य को निर्धारित अवधि मे पूर्ण न करने पर अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, अमरोहा को निविदा निरस्त करने अथवा प्रतिदिन नियमानुसार अर्थदण्ड लगाने का अधिकार होगा।

15– निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकार करने या अनुबन्ध करने के लिये उचित शर्ते तय करने का अधिकार, अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, अमरोहा का है।

16– शासनादेश संख्या 3890/नौ–5–19–149सा/2019, दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के क्रम मे उक्त निविदाओं मे भाग लेने हेतु निविदा के समय निविदादाता का पालिका मे पंजीकरण आवश्यक नहीं है, परन्तु ऐसे निविदादाता की न्यूनतम निविदा प्राप्त होने पर अनुबन्ध से पूर्व निर्धारित शुल्क एवं दस्तावेज़ नगर पालिका परिषद, अमरोहा मे जमा कर ठेकेदारी का पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।

17– उपरोक्त कार्यो का भुगतान बजट की उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा।

18– सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

19–निविदादाता द्वारा निविदत्त दरें बी0ओ0क्यू0 मे वर्णित दरों से निम्न प्राप्त होने पर नियमानुसार अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी देय होगी

20– अन्य नियम व शर्ते संलग्न हैं।

Sharh

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, अमरोहा

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद अमरोहा

Scanned with CamScanner

प्रतिलिपिः—

1– ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://etender.up.nic.in पर अपलोड करने हेतु।
2– नोटिस बोर्ड कार्यालय नगर पालिका परिषद, अमरोहा पर चस्पा करने हेतु।
3– नोटिस बोर्ड कार्यालय ज़िलाधिकारी महोदय, अमरोहा पर चस्पा करने हेतु।
4– नोटिस बोर्ड कार्यालय उपज़िलाधिकारी महोदय, अमरोहा पर चस्पा करने हेतु।
5– नगर पालिका परिषद, अमरोहा की वैबसाईट www.nppamroha.com पर प्रकाशित करने हेतु।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, अमरोहा

Shashi-m
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद अमरोहा

Scanned with CamScanner